भजन

तर्ज–बन जा बन जा रे हमारी सांझेदार

देखो देखो री नजर रूहों खोल,पिया को परआतम से

1––पाट घाट श्री जमुना जी के, पाल बन मोहलात
आये झीलने राज श्यामा जी, संग लिए सब साथ
जल जमुना जी देखो जी जल जमुना जी
जल जमुना जी हिलोरे लिए जात

2––कहूं पर्वत पुखराज जहां से, चली जमुना लहराए
खाय मरोर चली कई भांतों, हौज कौसर मिली आए
हौज कौसर देखो जी हौज कौसर
हौज कौसर मे टापू मोहलात

3––फूल बाग और नूर बाग जहां कुंज निकुंज बन सोहे
क्या कहूं शोभा ताड़वन की, देख देख मन मोहे
झूला झूले रे––2
झूला झूलें जहां पिया के साथ

4––चारो हार हवेली होए के, चौसठ थंभ निहारे
बैठे राज श्यामा जी सिंहासन, धाम धनी जी हमारे
हो बैठा साथ जहां––2
बैठा साथ जहां है भराए

5––नवो भोम दसमी आकासी, रंग मोहोल कहूं बात
बैठत प्यारे पिउ संग रूहें, जब आवे चांदनी रात
चांदनी रात जहां––2
चांदनी रात रही छिटकाए